# सिद्धार्थनगर पुलिस

**<u>प्रेस नोट दिनांक 06.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 06.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 भूमि विवाद व 10 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# प्रेस-नोट दिनांक 06.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆हत्या के प्रयास का वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

◆थाना डुमरियागंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆ वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में मुकेश कुमार राय प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.06.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 92/2024 धारा 307,323,504,506 भा.द.वि. से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**01.अब्दुल रशीद शेख पुत्र मोहम्मद लतीफ उर्फ अब्दुल लतीफ शेख साकिन मल्हवार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.हे0का0 विपिन सिंह थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.का0 करुणेश शुक्ला थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस-नोट दिनांक 06.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆विशेष किशोर पुलिस इकाई/ एएचटीयू की मासिक समीक्षा बैठक का रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार सिद्धार्थनगर में किया गया आयोजन ।

◆मानव तस्करी/बालश्रम की पहचान, रोकथाम पर विस्तृत रूप से की गयी चर्चा ।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक श्री अरूणकान्त सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 06-06-2024 को पुलिस लाइन सभागार मे जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं एएचटीयू/एसजेपीयू के अधिकारी/कर्मचारीगण को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ से आये यूनिसेफ के प्रतिनिधि श्री महर्षि अग्निहोत्री एवं प्लान इण्डिया लखनऊ के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री उमेश कुमार गुप्ता एवं बाल कल्याण समिति सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र मिश्रा द्वारा जे0जे0 एक्ट 2015 एवं मानव दुर्व्यापार तथा बाल श्रम रोकथाम हेतु 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचको के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, मानव तस्करी, बाल श्रम,नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन तथा पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारियों द्वारा रिमांड लेने हेतु सादे वस्त्रों में आने जे.जे एक्ट की धारा 24 आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी /पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला जनपद के समस्त थानो से बाल कल्याण अधिकारी एवं एएचटीयू/एसजेपीयू के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

# प्रेस नोट- दिनांक 06.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सिद्धार्थ के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री दरवेश कुमार के कुशल पर्यवेक्षण मे व अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 06.06.2024 को माननीय न्यायालय से प्राप्त वारण्ट पर वाद संख्या- 488/12 धारा 323,452,504,506 भा0द0वि0 से संबंधित 01 नफर वारंटी को थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण:-**

**1.मन्नू पुत्र हरिशचंद्र निवासी सेमारियव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

**01.उ0नि0 बेचन यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 सचितानंद थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

## प्रेस नोट दिनांक 06.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **06-06-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 06-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे लोकसभा निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने के उपरान्त पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर मे पुलिस कर्मियों के लिए बड़ा खाना का आयोजन किया गया ।

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ASP/CO/SHO/SO/RI/प्रधान लिपिक/आंकिक शाखा/बडे बाबू आदि को चुनाव सकुशल कराये जाने के दृष्टिगत प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आज दिनांक 06.06.2024 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उपरान्त बड़ा खाना का आयोजन हुआ जिसमें सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं जिले के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण के लिए बड़ा खाना/रात्रिभोज का आयोजन किया गया। बड़ा खाना का तात्पर्य यह है, कि इस दिन सभी अधिकारी व कर्मचारीगण एक साथ मिलजुल कर भोजन करते है, जिससे कि आपस में सौम्य एवं मृदु सद्भाव परस्पर बना रहे । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्नगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आंकिक शाखा, बडे बाबू आदि को चुनाव सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**आज दिनांक 06.06.2024 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर मे #बड़ा_खाना का आयोजन  पुलिस कर्मियों के लिए किया गया। #SP_SDR @prachiIPS व अन्य पुलिस अधिकारी सम्मिलित हुए।**

**#UPPolice**

**#siddharthnagpol**